## श्री हनुमानजी प्राक्ट्रोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया

**भरतपुर ( निस )।** लोहागढ स्टेडियम के निकट स्थित प्राचीन मंदिर श्री बड वाले हनुमानजी पर आज श्री रामभक्त श्री हनुमानजी महाराज का प्राक्ट्रोत्सव बडे ही धूमधाम से मनायागया। मंदिर के महंत ओंमकार दास ने बताया कि श्री हनुमंत लाल के श्री विग्रह का पंचामृत से अभिषेक भक्तगणों द्वारा किया गया।

सिन्दूर चमेली तेल, इत्र का चोला चढाकर चांदी के वर्क लगाकर श्रृंगार किया गया। मंदिर में गुब्बारों की एवं रंगीन रोशनी की विशेष सजावट कराई गईग्, सांय से सुन्दर कांड का संगीतमय पाठ मंगल भवन अमंगल हारी दुवहु..... सम्पुट लगाकर हुआ, सभी ने महाआरती कर प्रसादी वितरित की गई।


इस मौके पर भरतपुर जिला अग्रवाल महासभा अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, समाजसेवी मोहन मित्तल, पार्षद अनिल शर्मा, इमरत लाल, विनोद सिंघल, प्रेम गोयल, रामप्रकाश शर्मा, प्रदीप शर्मा, ब्रजेश शर्मा, पुनीत गोयल, दीपक लवानियां, विमल देव, भरत कुमार, कृष्णदेव, लक्ष्मन प्रसाद, सुरेश आदि बडी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

# जैन तीर्थंकर भगवान श्रीमहावीरजी की आज निकलेगी रथ यात्रा

**करौली ( नि.स. )।** जैन तीर्थंकर श्रीमहावीर जी के चल रहे मेले के दौरान आज बुधवार को भगवान महावीर स्वामी की धूमधाम के साथ रथ यात्रा निकाली जायेगी जिसके चलते मंदिर ट्रस्ट प्रबंधन एवं पुलिस एवं प्रशासन ने तैयारियो पूरी कर ली है।

करौली जिले में श्रीमहावीरजी दिगम्बर जैन धर्मावलंबियों की आस्था का प्रमुख मंदिर है यह मंदिर संपूर्ण भारत में जैन धर्म के पवित्र स्थानों में से एक है। यहा गत 18 अप्रेल से 25 अप्रेल तक विशाल मेला लग रहा है। जिसके चलते आज बुधवार को भगवान महावीर स्वामी की रथ यात्रा निकाली जायेगी। वही गंभीर नदी के तट पर रथ यात्रा के पहुॅचने के बाद भगवान महावीर स्वामी का नदी के पानी से अभिषेक किया जायेगा।आयोजित रथ यात्रा में उपजिला कलेक्टर हिंडौन रथ के सारथी होंगे असंख्य भक्तों के आराध्य महावीर स्वामी की जयन्ती पर आयोजित यह मेला करौली जिले की पहचान है। भगवान महावीर का जन्म ईसा से 599 वर्ष पहले वैशाली गणतंत्र के कुण्डलपुर में इक्ष्वाकु वंश के क्षित्रय राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला के यहाँ चैत्र शुक्ल तेरस को हुआ था। उनका नाम वर्धमान रखा गया। यही वर्धमान आगे चलकर इस काल के अंतिम चौंबीसवें तीर्थंकर महावीर स्वामी बने। जैन ग्रंथों के अनुसार 23वें तीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के मोक्ष प्राप्त करने के 188 वर्ष बाद इनका जन्म हुआ था। भगवान महावीर का साधना काल 12 वर्ष का था। दीक्षा लेने के उपरान्त भगवान महावीर ने दिगम्बर साधु की कठिन चर्या को अंगीकार किया और निर्वस्त्र रहे। श्वेतांबर सम्प्रदाय के अनुसार भी महावीर दीक्षा उपरान्त कुछ समय छोडकर निर्वस्त्र रहे और उन्होंने केवल ज्ञान की प्राप्ति भी दिगम्बर अवस्था में ही की।

अपने पूरे साधना काल के दौरान महावीर ने कठिन तपस्या की और मौन रहे। राजा बिम्बिसार,कुनिक और चेटक भी महावीर स्वामी के अनुयायी थे। गंभीर नदी के तट पर स्थित इस मंदिर में श्रीमहावीरजी की मूर्ति विराजित है। आमतौर पर भारत में एक शिखर वाले मंदिर बहुतायत में हैं। लेकिन यहां स्थित तीन शिखर वाले मंदिर की बात ही कुछ और है। इस मंदिर में देश-विदेश से जैन धर्मानुयायियों के अलावा गुर्जर और मीणा समुदाय के लोग भी आते हैं। यहाँ



भगवान महावीर स्वामी।

लगभग 400 साल पहले एक चर्मकार द्वारा टीले की खुदाई करने पर श्रीमहावीर भगवान की प्राचीन पाषाण प्रतिमा प्रकट हुई। भगवान के इस अतिशय उद्भव से प्रभावित होकर बसवा निवासी अमरचंद बिलाला ने यहां एक सुंदर मंदिर का निर्माण करवाया। यह मंदिर प्राचीन और आधुनिक जैन वास्तुकला का अनुपम समागम है। जो प्राचीन जैन कला शैली के बने मंदिरों से अलग है। उन्होने बताया कि यह मंदिर मूल रूप से सफेद और लाल पत्थरों से बना है जिसके चारों ओर छत्रियां बनी हुई हैं।

इस विशाल मंदिर के गगनचुंबी धवल शिखर को स्वर्ण कलशों से सजाया गया है। मंदिर में जैन तीर्थंकरों की 12 अन्य मूर्तियां भी प्रतिष्ठित हैं। दर्शन पूरे दिन रात्रि 10:00 बजे तक किए जा सकते हैं।मंदिर की दीवारों पर स्वर्ण पच्चीकारी का काम किया गया है। जो मंदिर के स्वरूप को बेहद कलात्मक रूप देता है। मंदिर के सामने सफेद संगमरमर से भव्य ऊंचा मानस्तंभ बनाया गया है जिसमें श्री महावीरजी की मूर्ति स्थापित है। जैन धर्म में सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य एव अचौर्य अर्थात दूसरे के दिये बिना बस्तु ग्रहण नहीं करना पाँच व्रत तथा दस धर्मों का वर्णन है।पर्युषण पर्व के दौरान दस दिन इन दस धर्मों का चिंतन किया जाता है।

त्याग, संयम, प्रेम,करुणा,शील और सदाचार ही महावीर के प्रवचनों का सार था। भगवान महावीर ने हमें अमृत कलश ही नहीं,उसके रसपान का मार्ग भी बताया है। महावीर का जीयो और जीने दो का सिद्धांत प्राणी मात्र के लिए आदर्श है।जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी के जन्मदिवस को महावीर-जयंती तथा उनके मोक्ष दिवस को दीपावली के रूप में धूम धाम से मनाया जाता है।

## पृथ्वी दिवस के अवसर पक्षियों के लिए परिंडे लगाये

**भरतपुर ( निस )।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर महारानी श्री जया महाविद्यालय की राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड इकाई के रोवर क्रू द्वारा इको क्लब गतिविधि के अन्तर्गत पक्षियों के लिए परीन्डे लगाने का सेवा कार्य किया। संभागीय आयुक्त भरतपुर सॉवरमल वर्मा के निवास पर परीन्डे लगाये गये। संभागीय आयुक्त ने आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रकृति के संतुलन की महत्वपूर्ण कडी के रूप में पशु-पक्षियों के प्रति सेवा कार्य में सदैव तत्परता से भाग लें।

पुलिस महानिरीक्षक भरतपुर रेंज श्री राहुल प्रकाश ने अपने कार्यालय में पक्षियों के लिए परीन्डे लगाए। पुलिस महानिदेशक महोदय ने बताया कि पृथ्वी के अलावा किसी स्थान पर जीवन की उत्पत्ति नहीं है और इस भूमण्डल पर निवास करने वाले सभी जीव जन्तुओं का भूमि, जल, आकाश पर बराबर हक है। भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए भोजन और जल का प्रबन्ध कराना अतुलनीय सेवा कार्य है। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त, भरतपुर बृजेश कुमार के निवास पर भी परीन्डे लगाए गये। उन्होंने पक्षियों के लिए परीन्डों का महत्व बताते हुए कहा कि इन पात्रों में जल शुद्ध उपलब्ध होता है तथा भीषण गर्मी में पक्षियों को ऊर्जावान बनाने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है। कार्यालय जिला कलेक्टर, भरतपुर परिसर में अतिरिक्त जिला कलेक्टर, नीरज कुमार मीना ने परीन्डे लगाये कलेक्टर, नीरज कुमार मीना ने युवा पीढी को जीव-जन्तुओं के प्रति संवेदनापूर्ण व्यवहार के लिए प्रेरित किया। मीना ने बताया कि पेड़ों पर परीन्डे लगाने से सामुदायिक सहयोग की भावना में वृद्धि होती है।

## हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** भूरी सिंह व्यायामशाला पर श्री हनुमान जन्मोत्सव आज बडे धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम हनुमानजी की मूर्ति को गंगाजल से स्नान कराकर सिन्दूर, घी, चांदी की बरकों से चोला चढाया गया, नई पोषाक चढाई गई व फूलों से मंदिर को सजाया गया व प्रसाद, फल व ठंडाई का भोग लगाया गया व सभी भक्तों ने हनुमान चालीसा व सुन्दर काण्ड का पाठ दोहराया। व्यायामशाला के संचालक चुन्नी कप्तान ने कहा कि हनुमानजी भगवान शिव के रूद्रावितार हैं अष्ट सिद्धि व नव निधि के दाता हैं व शक्ति व साहस के प्रतीक हैं धरती पर श्रीराम की कृपा से जीवंत देवता हैं, पृथ्वी पर व संकट मोचक हैं, मैं स्वयं गत 57 वर्षों से उनकी सेवा में लगा रहता हूॅ कार्यक्रम में बडी संख्या में स्वर्ण जयंती नगर कोलोनी, बापू नगर के निवासी व स्थानीय पहलवान मौजूद रहे।

## हरित बृज सोसायटी ने पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

**भरतपुर ( निस )।** हरित बृज सोसायटी के तत्वाधान में पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में श्री बांके बिहारी जी मंदिर परिसर में पक्षियों को पानी के लिए परिंडे लगाए गए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि इस बार गर्मी के मौसम को देखते हुए सोसायटी द्वारा शहर में लगभग 1000 परिंडे और पक्षियों के घोंसले लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया है। डा. सुनिता पांडे द्वारा सभी सदस्यो को अधिक से अधिक परिंडे लगाने और उनमे नियमित पानी भराव व सफाई हेतु अनुरोध किया गया। महासचिव सतेंद्र यादव ने बताया कि सोसायटी द्वारा लगाए जा रहे परिंडे केवल परिंडे लगाने तक ही सीमित नहीं है बल्कि जिन सदस्यो द्वारा ये परिंडे लगाए जाएंगे वह प्रतिदिन इनमे पानी भरने एवम सफाई का भी ध्यान रखना सुनिश्चित करेंगा. डॉ संगीता चतुर्वेदी ने बताया कि इस बार बरसात के मौसम में मंदिर के मुख्य परिसर में बड़े छायादार वृक्ष भी लगाये जायेंगे. जो कि पुराने हो चुके वृक्षों का



पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में श्री बांके बिहारी जी मंदिर परिसर में पक्षियों को पानी के लिए परिंडे लगाए गए।

स्थान लेंगे। कार्यक्रम में सीए विनय गर्ग, शीलम सिंह,संजू शर्मा,सीमा अग्रवाल, जितेंद्र अग्रवाल, रेखा, जगदीश अशोक , बृजकिशोर, सुषमा द्वारा परिंडे लगाने एवम पानी भरने में सहयोग प्रदान किया गया एवम अधिक से अधिक परिंडे लगाने का सुझाव दिया गया। सोसायटी प्रकृति संरक्षण व समाज में इस हेतु सकारात्मक बदलाव लाने के लिए नियमित कार्य कर रही है।

## धूमधाम के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**करौली ( नि.स. )।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ,चोला, 56 भोग सहित कई धार्मिक आयोजन किए गए।

करौली जिला मुख्यालय पर हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नदी दरवाजा बाहर स्थित बैठा हनुमान मंदिर में महा आरती के साथ विशेष पूजापाठ और प्रसादी का आयोजन किया गया। इसी प्रकार अनाज मंडी स्थित हनुमान मंदिर पर छप्पन भोग के साथ महाआरती का आयोजन किया। बैठा हनुमान भक्त मंडली द्वारा मंदिर पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन किया। हनुमान जन्मोत्सव पर लांगरा क्षेत्र स्थित डगर वाले हनुमान मंदिर पर भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान,हनुमान चालीसा,सुंदर काण्ड पाठ के साथ



करौली की अनाज मंडी स्थित हनुमान मंदिर पर सजी छप्पन भोग की झांकी

प्रसादी का आयोजन किया गया। करौली के नसीर का डोंगर,अंजनी माता मंदिर,पाताली हनुमान,खोहरा का बाग, सैलोकर हनुमान मंदिर,वीर हनुमान मंदिर,टंटा हनुमान,भट्टा सर्किल स्थित कुंड वाले हनुमान,चौधरी पाडा स्थित हनुमान मंदिर सहित करौली के प्रसिद्ध मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजन किए गए।

## राघव आश्रम पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**हिंडौन सिटी ।** देशभर के धार्मिक स्थलों से आए हुए साधु-संत और महामंडलेश्वर के सानिध्य में बयाना रोड स्थित श्री राघवदास स्वर्गाश्रम में राम दरबार व पंचमुखी हनुमानजी की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा संपन्न होने के उपरांत मंगलवार को भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें साधुओं की टोली और कन्याओं को पहली पंगत में प्रसाद ग्रहण कराया। इस अवसर पर सुबह हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया।

आयोजन से जुड़े संजय पंडा, गोविंद धाकड़ व विष्णु उपाध्याय ने बताया कि महामंडलेश्वर राघवदास के सानिध्य में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हुआ। जिसमें काशी, मथुरा, चित्रकूट, हरिद्वार अयोध्या से महामंडलेश्वर शामिल हुए। इसी के साथ आश्रम से जुड़े हजारों श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन में चालाना हनुमान मंदिर, दौसा के शंकरदास महाराज अयोध्या से रामदेवक दास संतो की मंडली के साथ शामिल रहे। वहीं गणेशदास महाराज, उदयपुर वाटी से गरीब दास, बालक दास, दयाराम दास, आदि शामिल हुए।

कार्यक्रम में हिंडौन, बयाना, करौली, बरदारा, इंदौर, मुम्बई, नादौती आदि शहरों से शिष्य शामिल हुए। यहां श्री राम नवमी से प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन चल रहा है। जिसमें प्रतिदिन वैदिक मंत्रोच्चारण से पूजा अर्चना कराई। इसी के साथसोमवार को वैदिक तरीक़े से यज्ञ हवन अनुष्ठान किया गया। इस आयोजन में बबलू चतुर्वेदी, राधेश्याम जोशी, अमन मुंडिया, जीतू पंडित, विजेंद्र धाकड़, पप्पन आदि ने सहयोग किया।

## कार्यकर्ताओ में उत्साह नहीं होने से चुनाव प्रचार फीका

**गंगापुर सिटी।** टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के लिए शुक्रवार 26 अप्रेल को मतदान होना है। भाजपा व कांग्रेस दोनो ही दलो के कार्यकर्ताओ में उत्साह नहीं होने के कारण प्रचार फीका है। हालांकि दोनो ही दलो ने गंगापुर सिटी में अपने कार्यालय खोले है। परन्तु जिस तरह से प्रचार होना चाहिए था उससे 1० प्रतिशत भी कही प्रचार नजर नहीं आ रहा। कुछ जगहो पर दोनो ही दलो के प्रत्याशियो के होर्डिंग नजर आ रहे है। परन्तु जिस प्रकार से चुनाव प्रचार का हो हल्ला होना चाहिए था वैसा प्रचार नहीं हो रहा है। इस बार दोनो ही दलो के द्वारा ना तो लोकसभा क्षेत्र में नुक्कड सभा की जा रही है और ना ही जनसर्म्पक जिससे भी मतदाताओ में अबकी बार चुनावो को लेकर मायूसी छाई हुई है। जानकारो ने बताया कि लोकसभा चुनाव हर पांच साल में होते आए ओर सभी चुनावो में प्रचार प्रसार अपने चरम पर रहता है लेकिन 2०24 का लोकसभा चुनाव जैसा फीका चुनाव प्रचार मतदाताओ में चर्चा कर विषय बन गया है। लोगो को जगह जगह चर्चा करते हुए देखा गया कि कार्यकर्ताओ में उत्साह नहीं होने के कारण चुनावी रंगत फीकी है। केवल कार्यालयो में बैठने को ही कुछ कार्यकर्ता प्रचार समझ रहे है। फील्ड में कही भी चुनावी रंगत नजर नहीं आ रही है। वहीं दोनो ही दलो के प्रत्याशियो के द्वारा चुनाव प्रचार में ध्यान नहीं देने का खामियाया मतदान दिवस के दिन देखने को मिल जायेगा।

# भंडारे में प्रसादी पाने के लिए उमड़ा जनसैलाब

**करौली।( नि.स. )।** करौली के निकट चैनपुर गांव के ब्रह्मऋषि आश्रम पर आयोजित हुए विशाल भंडारे में भोजन प्रसादी ग्रहण करने के लिए लोगों का सैलाब उमड पड़ा।

चैनपुर गांव के ब्रह्मऋषि आश्रम पर महामंडलेश्वर संत भगवान दास जी महाराज के सानिध्य में मारुति महायज्ञ के समापन के बाद हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर मंगलवार को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें करीब डेढ लाख से अधिक भक्तों को पंगत में बिठाकर प्रसादी की व्यवस्था की गई। भंडारे में 100 क्विंटल आटा, 400 पीपा देसी घी और 50 क्विंटल शक्कर से प्रसादी तैयार कराई गई। इस दौरान पूडी,लड्डू,पुआ सब्जी के अलावा कई अन्य प्रकार के व्यंजनो का भोजन कराया गया।

महामंडलेश्वर भगवान दास महाराज ने बताया कि आश्रम पर गत 14 अप्रैल को मारुति महायज्ञ के साथ श्रीराम कथा का आयोजन रखा गया मारुति महायज्ञ के समापन के बाद मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर चैनपुर ब्रह्म ऋषि आश्रम प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया इसमें तहसील क्षेत्र मासलपुर, करौली,हिंडौन के अलावा कई अन्य स्थानों से एक लाख से अधिक



करौली के निकट चैनपुर आश्रम पर भंडारे में प्रसादी ग्रहण करते लोग।

श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की।

उन्होंने बताया कि प्रसादी के लिए 100 क्विंटल आटा, 400 पीपा देसी घी, 50 क्विंटल शक्कर, 40 क्विंटल आलू, 30 क्विंटल कद्दू और गुड से प्रसादी तैयार करने मे 25 से ज्यादा भट्टी बनाई गई जिन पर हलवाइयों की टीम ने प्रसादी बनाने का काम किया। उन्होंने बताया कि आश्रम पर हनुमान जन्मोत्सव के दौरान भगवान के विग्रह पर चोला चढाकर सामूहिक आरती की गई फिर लोगों को प्रसादी ग्रहण करने का कार्यक्रम शुरू हुआ जो देर रात तक चलता रहा।

## विधायक डॉ.सुभाष गर्ग को पत्र लिखा

**भरतपुर ( निस )।** शहर भरतपुर की कई वीआईपी कॉलोनी की सडकों की हालत जर्जर एवं गड्ढों से शहर के लोगों सहित राहगीर एवं दूर-दराज से निजी अस्पतालों में रोगी को लेकर आने वाले परिजन व रिस्तेदार आदि वेहद परेशान है, जिनको आवागमन करने में अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आए दिन सडक हादसा होते रहते है, सबसे ज्यादा प्रभावित दुपहिया वाहन चालक व पैदल सफर करने वाले लोग है। ऐसा हाल है शहर के राजेन्द्र नगर की मुख्य सडक का, जो सडक यातायात चौराहे से राजेन्द्र नगर वाली सडक है। जिस सडक में लम्बे समय से गड्ढे बने हुए है, इससे प्रतिदिन प्रशासन के आलाधिकारी, शहर के वीआईपी लोग एवं जनप्रतिनिधी आदि गुजरते है, जिन्हे भी इस सडक की हालत की पूर्ण जानकारी होने के बाद भी सडक की मरम्मत व जार्णोद्वार की चिन्ता नही है। इस सम्बंध में समृद्ध भारत अभियान के निदेशक सीताराम गुप्ता ने भरतपुर विधानसभा के विधायक डॉ.सुभाष गर्ग को पत्र भेजकर यातायात चौराहे से राजेन्द्र नगर की मुख्य सडक का नवीन निर्माण कराने की मांग की है। निदेशक गुप्ता ने पत्र में लिखा है कि यातायात चौराहे से राजेन्द्र नगर सडक की हालत चिन्ताजनक बनी हुई है, इस सडक में भारी सख्यां में गड्ढे बने हुए है, जिस पर किसी का भी ध्यान नही है। उन्होने लिखा है कि इस मार्ग पर कई निजी अस्पताल संचालित है और अनेक प्रशासन के अधिकारी व शहर के प्रमुख लोग निवास करते है। यह सडक यातायात चौराहे से राजेन्द्र नगर से निकल कर जवाहर नगर 80 फीट रोड होते हुए शहर के दो मुख्य गौरव पथों का मिलान कराती है।

## श्री हनुमत-सहस्त्र नामावली व अभिषेक का कार्यक्रम किया

**भरतपुर ( निस )।** सूरदास का घेर स्थित नवीन सनातन धर्म मार्केट में श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित प्राचीन मंदिर श्री हनुमानजी महाराज (कांच वाले) के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री हनुमत-सहस्त्र नामावली व अभिषेक का कार्यक्रम किया गया। सनातन धर्म सभा के मंत्री यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि इस बार पहली बार 21 किलो गन्ने का रस व 21 किलो पंचामृत से हनुमानजी का अभिषेक विद्वान पं0 चेतन शास्त्री के द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सत्येन्द्र मीणा सब रजिस्ट्रार मय पत्नी रहे तथा इसके पश्चात महाआरती की गई। सांय 6 बजे से फूल बंगला झांकी के दर्शन प्रारम्भ हुए तथा माखन मिश्री का प्रसाद भक्तों को वितरित किया गया।

## सार-समाचार

### दस लाख रूपए देने का सुनाया फैसला

**गंगापुर सिटी ।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने अपने एक फैसले में चिकित्सक का सेवा दोष मानते हुए पीडित को 1० लाख रूपए देने का आदेश सुनाया है। पीडित के अधिवक्ता रवि कुमार शर्मा ने बताया कि प्रेमचंद गुप्ता निवासी विजय नगर मिर्जापुर के हाथ की कोहनी में गिरने से 2०18 में चोट आई थी जिसका उपचार उसने गर्ग हॉस्पीटल में करवाया व सीटी स्कैन मेडिको सीटी स्कैन एण्ड डायग्रोस्टिक सेन्टर के यहां करवाई उपचार के बाद भी पीडित का हाथ ठीक से काम नहीं करने पर उसने जयपुर व दिल्ली में कई चिकित्सको को अपने हाथ को दिखाया। हाथ ठीक नहीं होने की स्थ्ति में पीडित ने जिला उपभोक्ता प्रतितोष आयोग में अपने अधिवक्ता रवि कुमार शर्मा के जरिए परिवाद दायर किया जिस पर उपभोक्ता आयोग बैंच की अध्यक्ष कीर्ति जैन, सदस्य हनुमान मीना व अर्पणा पाराशर ने दोनो पक्षो की बहस सुनने के बाद परिवादी के पक्ष में फैसला देते हुए गर्ग हॉस्पीटल स्टेशन रोड, मेडिको सीटी स्कैन एण्ड डायग्रोस्टिक सेन्टर एवं ऑरियेंटल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को आदेश दिया कि वे दो माह के अंदर पीडित प्रेमचंद को संयुक्त रूप या पृथ्क पृथ्क कुल 1० लाख रूपए परिवादी को अदा करे व परिवाद व्यय के 1० हजार रूपए अलग से अदा करने के आदेश दिए। साथ ही आदेश दिया कि दो माह में आदेश की पालना नहीं करने पर विपक्षी गण परिवादी को परिवाद प्रस्तुती की दिनांक से अदायगी तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से रूपए अदा करेंगे।

### राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण

**भरतपुर ( निस )।** अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त बृजेश कुमार चांदौलिया ने जिले के विभिन्न राजकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कार्मिकों की उपस्थिति सहित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त ने कार्यालय अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर विभाग, कार्यालय सहायक आयुक्त वाणिज्य कर विभाग, कार्यालय अतिरिक्त मुख्य अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, कार्यालय उप निदेशक क्षेत्रीय स्वायत्त शासन विभाग, कार्यालय सचिव भरतपुर सहकारी भूमि विकास बैंक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने बताया कि अनुपस्थित पाये गये कार्मिकों की रिपोर्ट तैयार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्भागीय आयुक्त को प्रस्तुत की गई है। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के दौरान कार्यालय अतिरिक्त आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर विभाग में 22 कार्मिकों में से 4 अधिकारी एवं 4 कर्मचारी, कार्यालय सहायक आयुक्त वाणिज्य कर विभाग (अ) में 22 कार्मिकों में से 2 अधिकारी एवं 14 कर्मचारी, कार्यालय सहायक आयुक्त वाणिज्य कर विभाग वृत्त (ब) में 15 कार्मिकों में से 6 अधिकारी व कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। उन्होंने बताया कि कार्यालय उप निदेशक क्षेत्रीय स्वायत्त शासन विभाग में निरीक्षण के दौरान 9 कार्मिकों में से 2 अधिकारी व कर्मचारी, कार्यालय सचिव भरतपुर सहकारी भूमि विकास बैंक लिमिटेड में कुल 19 कार्मिकों में से 7 संविदा सेवा कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में कार्यालय अपीलीय प्राधिकारी वाणिज्य कर विभाग एवं कार्यालय वाणिज्य कर अधिकारी वृत्त बिजनिस ऑडिट में प्रात: 9.39 बजे ताला बंद मिला व कोई भी अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित नहीं मिले।

### पारिवारिक विवाद में दो पक्षों में झगड़ा

**हिंडौन सिटी ।** सदर थाना क्षेत्र के कटकड में मंगलवार सुबह करीब 7 बजे पारिवारिक विवाद को लेकर हुए झगड़े में पति-पत्नी घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉ. अंकुश अग्रवाल ने बताया कि घायलों में कटकड निवासी रमेशी (40) और कमल सिंह (45) है। घायलों के सिर और हाथों में गंभीर चोट आई है। घायल कमल सिंह ने बताया आज सुबह करीब 7 बजे घर के बाहर खड़ी जीप की सफाई कर रहा। उसकी पत्नी रमेशी पशुओं के लिए चारा तैयार कर रही थी। तभी उसके परिवार के 5-7 लोग लाठी डंडा लेकर आ गए। उन्होंने उसकी पत्नी पर हमला किया। जिसे बचाने के लिए पहुंचे कमल पर भी हमला कर दिया। जिसमें दोनों घायल हो गए। महिला के सिर और नाक पर चोट आई है। महिला का एक हाथ फ्रैक्चर है। इसी के साथ लाठी के प्रहार से कमल के सिर पर चोट आई है। पीड़ित पक्ष ने पुलिस कार्रवाई के लिए सदर थाना पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि गेट पर जानवरों की रोकथाम को लेकर तारबंदी की गई। जिसे दूसरे पक्ष ने हटा दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में झगड़ा हुआ।

### हज यात्रा टीकाकरण व प्रशिक्षण 28 को

**करौली ( नि.स. )।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अकबर खान ने बताया कि राजस्थान राज्य हज कमेटीशासन सचिवालय,जयपुर की अनुपालना मे हज यात्रा हेतु टीकाकरण व प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं हज,उमराह के अरकान की अदायगी का आसान तरीका समझाया जायेगा। इस संबंध मे उन्होने समस्त हज यात्रियों से अपील की है कि वे 28 अप्रेल को प्रात: 9:00 बजे से मौलाना आजाद चिल्ड्रन एकेडमी स्कूल,बागे बरकत जामा मस्जिद के पास करौली मे पहुचकर टीकाकरण व हज प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है।

### सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया

**भरतपुर ( निस )।** हनुमान जन्मोत्सव के शुभावसर पर बजरंग दल के जिला संयोजक शुभम शर्मा व शहर संयोजक मोहित सिंह के संयुक्त नेतृत्व में परिक्रमा मार्ग किला स्थित शनिदेव मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद विहिप के प्रान्त सेवा प्रमुख नरेश खण्डेलवाल व बजरंग दल के प्रान्त सह संयोजक रामेश्वर गुर्जर ने हनुमान जी की आरती की। आरती के पश्चात् जिला धर्म प्रचार प्रमुख अमित चौधरी ने बजरंगियों को सम्बोधित करते हुए धर्म प्रचार प्रसार, धर्म रक्षा हेतु प्रशिक्षित होने की प्रेरणा देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग लगाया जा रहा है जो इस बार डीग जिले के कांमा क्षेत्र में 15 मई से लगाया जा रहा है, यह वर्ग सात दिवसीय रहेगा, इसमें बौद्धिक, शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ आपके सर्वांगीण विकास का कौशल पर आधारित होता है। शहर मंत्री लखन शर्मा ने कहा जो भी कार्यकर्ता बजरंग दल का शौर्य प्रशिक्षण वर्ग कर लेता है वह बजरंग दल के देह वाक्य सेवा, सुरक्षा, संस्कार को चरितार्थ कर पाता है। अंत में जिला सह प्रचार प्रसार प्रमुख प्रतीक टिंक्वल व नितिन राज ने सभी को प्रसाद व मिल्क रोज वितरित कर उत्सव का समापन जय श्री राम का घोष लगाकर किया। उत्सव में विभाग मंत्री सिद्धार्थ फौजदार, जिला सह मंत्री अमित जिन्दल, जिला सह मंत्री विनोद मडरपुर, अनुराग अग्रवाल, अंकित सिंह, कमल कपूर, आकाश कूम्हां, सी.पी.यादव, चन्द्रशेखर, गौरव कौशिक, राहुल चौधरी, सौरभ पंडित, सुमित तौमर, सचिन जाट, आदित्य सहयोग नगर, मनीष केसरिया नगला आदि मौजूद थे।

## तीस दिवसीय निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ

**भरतपुर ( निस )।** स्वास्थ्य मंदिर की महिला सेवा इकाई के तत्वाधान में विश्व मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई से 30 मई तक तीस दिवसीय निशुल्क सिलाई प्रशिक्षण कोर्स का प्रारंभ स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर कार्यालय पर किया जाएगा। कोर्स की प्रभारी प्रभा गुप्ता ने बताया कि कोर्स में बेसिक प्रशिक्षण सिखाया जाएगा जिसमें ब्लाउज की कटिंग, शर्ट की कटिंग, पेट की कटिंग इत्यादि सिखाएगी जाएगी. कोर्स करने के लिए कोई भी 15 बरस से ऊपर की लड़की या महिला स्वास्थ्य मंदिर आकर अपना पंजीयन कर सकती है। कोर्स संचालिका रूना गुलाटी ने बताया कि कोर्स 30 दिन तक सुबह 12 से लेकर दोपहर 2 तक प्रतिदिन संचालित किया जाएगा जिसमें की 20 महिला सीटे आरक्षित की गई है जो कि पहले आओ पहले पाओ के आधार पर निर्धारित की जाएगी।

पश्चिम मध्य रेल
खुली निविदा सूचना
सं. ईएल/50/एनआईटी/01 (2024-25), दि. 15.04.2024
भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से **वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य), पश्चिम मध्य रेल, कोटा,** निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या:** ईएल/50/204/2024-25. **कार्य का नाम: 34 महीने के लिए कोटा स्टेशन (सहित)-भरतपुर-तुगलकाबाद-नईदिल्ली-नागदा-रुठियाई-चित्तोडगढ सेक्शन के वाटर कूलर और एयर कंडीशनर इकाइयों की एएमसी और एनुअल ओवरहालिंग। अनुमानित लागत:** ₹ 1,12,08,299.43. **बयाना राशि:** ₹ 2,06,100/-. **कार्य समाप्ति अवधि:** 34 माह। **निविदा प्रस्तुत करने एवं खुलने की दिनांक तथा समय:** 10.05.2024 को 15.00 बजे तक एवं खुलने का समय 15.15 बजे। ऑफर केवल ई-टेण्डरिंग के माध्यम से वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर स्वीकार किए जायेंगे। निविदादाता के पास क्लास III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए एवं आई.आर.ई.पी.एस. पोर्टल पर रजिस्टर्ड होना चाहिए। कोई भी निविदा मैनुएली स्वीकार नहीं है। निविदा डालने से पहले टेण्डर दस्तावेजों की स्पेशल कण्डीशन्स एवं शर्तें अवश्य पढ लें।
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# चिकित्सा संबंधी समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया

**भरतपुर, ( निसं )।** चिकित्सा संबंधी समस्याओं को लेकर कस्बे के ग्रामीणों द्वारा अस्पताल के मुख्य दरवाजे पर सांकेतिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि समय रहते हुए प्रशासन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की समस्याओं का समाधान नहीं करवाया तो क्षेत्र की सभी ग्राम पंचायतों से ग्रामीणों को साथ लेकर बड़ा आंदोलन की चेतावनी दी है। प्रदर्शनकारियों में कस्बे के पूर्व सरपंच डालचंद गुप्ता भाजपा नेता नितिन प्रधान किसान मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष धर्मचंद गुर्जर, गुर्जर समाज के अध्यक्ष गजेंद्र सिंह, राकेश गुर्जर, महावीर सैनी, विजेंद्र सैनी, योगेश सैनी, अरुण वाल्मीकि, शुभम शर्मा, रोहित शर्मा आदि दर्जनों लोग मरीजों सहित मौजूद रहे।

गोपालगढ़ कस्बे के आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर बढ़ती जा रही अनियमितताओं, चिकित्सकीय स्टाफ का समय पर अस्पताल ना आना, ज्यादातर समय अस्पताल से बिना छुट्टी लिए ही बाहर रहना, यदि अस्पताल पर मौजूद हैं तो अपने क्वार्टर में रहना, मरीजों को दवाई न देना, प्रसव कराने को लेकर एक भी महिला नर्स का मौजूद न होना, जो निर्धारित पद हैं उन पदों के अनुसार अस्पताल में डॉक्टर्स, मेल नर्स, फीमेल नर्स, रेडियोग्राफर, फार्मासिस्ट, वार्ड बॉय का न होना, सीएचसी में बढ़ती गंदगी को लेकर अस्पताल परिसर में जिस प्रकार से गंदगी का आलम रहता है उससे मरीज ठीक होने की बजाय बीमारी की चपेट में आने का खतरा बना रहता है।

भाजपा नेता नितिन प्रधान व पूर्व सरपंच डालचंद गुप्ता ने बताया कि सीएचसी गोपालगढ़ की चिकित्सा सेवाएं लंबे वक्त से दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। बीसीएमओ केडी शर्मा को दर्जनों बार मौखिक रूप से अवगत करा दिया गया है परंतु 10 से 15 वर्षों के लंबे वक्त से कामां विधानसभा क्षेत्र जमे रहने के चलते अच्छे राजनीतिक संबंध स्थापित किए हुए है जिसके कारण यहां की चिकित्सा व्यवस्था दिनों दिन बदहाल हो चुकी है। लोगों का कहना है कि जब तक यहां बीसीएमओ केडी शर्मा जमे रहेंगे तब तक चिकित्सा सेवाएं रामभरोसे रहेंगी। इसी कारण यहां के लोगों अभी सांकेतिक प्रदर्शन किया जिसके बाद आंदोलन करने की भूमिका भी तैयार कर ली है। ग्रामीणों ने बताया कि दर्जनों गांवों से जुड़ी सीएचसी में प्रसव कराने व आपातकालीन स्थिति में मरीजों को इलाज की तो दूर बात प्राथमिक उपचार देने वाला कोई नहीं मौजूद रहता है।

सीएचसी गोपालगढ़ में चिकित्सा सेवाएं न मिलने के कारण ही लोग झोलाछाप पर इलाज कराने को मजबूर होते हैं। वहीं स्थानीय चिकित्सक व बीसीएमओ द्वारा झोलाछापों के विरुद्ध एक भी कार्रवाई नहीं की जबकि गलत इलाज के चलते कई लोगों को अपनी जान गवानी पड़ी है।




**आदर्श सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपालगढ़ पर बिगड़ी चिकित्सा व्यवस्थाओं को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया।**

## कंट्रोल रूम पर सेवा देने हेतु नियुक्ति

**ब्यावर ( निसं )।** भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात जिला अध्यक्ष देवीशंकर भूतड़ा के निर्देशानुसार विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक यज्ञेश शर्मा ने अजमेर देहात की सभी विधानसभाओं में लोकसभा चुनाव के अंतर्गत 26 अप्रैल 2024 को मतदान के दिवस अधिवक्तागणों के भाजपा के विधान सभावार कंट्रोल रूम पर सेवा देने हेतु नियुक्ति की गई है।जिला मीडिया प्रभारी जितेन्द्र ठठेरा ने बताया कि अजमेर देहात विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक यज्ञेश शर्मा ने अजमेर देहात की पांचो विधानसभा में से ब्यावर विधानसभा के कंट्रोल रूम पर अधिवक्ता चन्द्रविजय राठौड़, रमेश जांगिड़, मुकेश जटिया, शिवदास राठौड़, सुरेन्द्र चनीया, इसी प्रकार से मसूदा विधानसभा में सतीश व्यास, वीरेंद्रसिंह राठौड़, श्याम प्रताप सिंह, पूनमचंद शर्मा, महेंद्र उपाध्याय और नसीराबाद विधानसभा में ललित मेहरा, जितेंद्र गुर्जर, रणजीत सिंह रावत, रविंद्र शर्मा, नरपत सिंह और केकड़ी विधानसभा में घनश्याम वैष्णव, निरंजन चौधरी, गजेंद्र पाराशर, प्रहलाद माली, सत्यभवर बन्ना और पुष्कर विधानसभा में मदन सांखला, बाबूलाल शर्मा, शंकरलाल मेघवंशी व लक्ष्मीकांत पाराशर अधिवक्ता चुनाव मतदान के दिन भाजपा कंट्रोल रूम पर 26 अप्रैल 2024 को सुबह से शाम तक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे।

## सार-समाचार

### मेहंदी प्रतियोगिता से शत प्रतिशत मतदान का दिया संदेश



**गंगापुर सिटी ।** लोकसभा चुनाव 2०24 में मतदान प्रतिशत बढाने और प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की ओर से विभिन्न विभागों के द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कडी में छात्राओं के द्वारा मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लोकसभा निर्वाचन 2०24 में छात्राओं के मतदान प्रतिशत को बढाने के लिए स्टूडेंट फॉर सेवा (एसएफएस) इकाई वजीरपुर द्वारा एक कोचिंग में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मेहंदी बनाकर मतदान करने का संदेश दिया। एबीवीपी एसएफएस प्रांत संयोजक सीताराम गुर्जर ने बताया कि सोमवार को जिले भर में एसएफएस के कार्यकर्ताओं ने महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा अपने हाथों में आकर्षक मेहंदी रचाकर 26 अप्रैल 2०24 को मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया गया। जिला संयोजक मनोज सैनी और कॉलेज एसएफएस संयोजक पिंकी सैनी ने बताया कि सोमवार को एसएफएस के कार्यकर्ताओं ने मतदाता जागरूकता के लिए गांव में कोचिंगों में जगह-जगह मेहंदी प्रतियोगिता का कार्यक्रम करवाया गया। मेहंदी प्रतियोगिताओं के जरिए मतदाताओ को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान पिंकी माली, काजल महावर, मधु, कृष्णा, पूजा, चेतना, मोनिका, सलोनी, राखी आदि कार्यकर्ताओं ने मेहंदी प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

### आलोक मालधनी बने अध्यक्ष

**गंगापुर सिटी ।** इंटरनेशनल लायंस क्लब की शाखा लायंस क्लब दिशा गंगापुर सिटी में लायन वर्ष 2०24-25 के लिए नई कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न हुए। क्लब अध्यक्ष आनंद पैंगोरिया ने बताया कि लायन वर्ष 2०24-25 की कार्यकारिणी का गठन चुनाव अधिकारी लायन आशीष शर्मा तथा लायन राजाराम मीणा की देखरेख संपन्न हुआ। इससे पहले क्लब सचिव सोमदत्त शर्मा के द्वारा लायन वर्ष 2०23-24 में क्लब द्वारा की गई विभिन्न प्रकार की गतिविधियों तथा क्लब द्वारा पूरे वर्ष भर किए गए कार्यों पर चर्चा की गई। इसके पश्चात सभी क्लब मेंबरों की सहमति से आलोक मालधनी को नया अध्यक्ष चुना गया जबकि वैभव दुबे को क्लब सचिव की जिम्मेदारी दी गई। और क्लब के कोषाध्यक्ष के रूप में अरविंद शर्मा को मनोनीत किया गया। कार्यक्रम के अंत में चुनाव अधिकारी तथा सभी सदस्यों के द्वारा नए पदाधिकारियों को आने वाले वर्ष के लिए शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान लायंस क्लब दिशा दिशा के सभी सदस्यगण मौजूद रहे।

### लोकसभा क्षेत्र में सघन संपर्क

**गंगापुर सिटी।** मंगलवार को बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष एवं पूर्व राज्यमंत्री के नेतृत्व में कई जगह लोकसभा चुनावों को लेकर जन संपर्क किया गया। संपर्क अभियान नसिया कॉलोनी स्थित विजय लक्ष्मी ऑडिटोरियम व गणेश मिल एवं बामनवास क्षेत्र के पिपलाई सहित कई इलाकों में रहा। संपर्क अभियान में पूर्व राज्यमंत्री मनन चतुर्वेदी ने लोकसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए प्रेरित किया एवं बताया कि भाजपा सभी जाति, धर्मो को साथ लेकर चलने वाली पार्टी है। इसी बीच संपर्क अभियान में पूर्व राज्यमंत्री मनन चतुर्वेदी, समाजसेवी एवं भाजपा नेता डॉ हेमंत शर्मा, सर्व ब्राह्मण महासभा के जिलाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा, हरिओम शर्मा, हरीश शर्मा, दुर्गेश शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, दिलीप तिवाडी, विष्णु गुरुजी, मोहन शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सावित्री शर्मा, शारदा शर्मा, नीरज दीक्षित, अनिता व्यास, अंजू जाटव, लक्ष्मी शर्मा, मीना शर्मा, राधारमन शर्मा, उर्मिला, प्रेम शर्मा, अशोक शर्मा, अतुल शर्मा आदि लोग शामिल थे।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 मई को

**सूरौठ ।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में जांगिड़ ब्राह्मण समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन 10 मई आखातीज को ग्राम खातीपुरा में होने जा रहा है जिसकी अंतिम तैयारियों को लेकर ग्राम खातीपुरा में 25 अप्रैल को जिला स्तरीय बैठक बुलाई गई है। यह बैठक दोपहर 12 बजे आयोजित की जायेगी। जिला जांगिड़ ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि बैठक में जिले के अलावा प्रदेश स्तर के सामाजिक बन्धुओं को बुलाया गया है। इस बैठक में विवाह सम्मेलन की तैयारियों के अलावा कार्यक्रम की रूपरेखा तय की जाएगी।

### स्वीप रथ को किया रवाना

**अजमेर ( कासं )।** अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रा के स्वीप रथ को रवाना किया गया। स्वीप प्रभारी वीणा अग्रावत ने बताया कि लोकसभा चुनाव के इस पर्व को साकार करने के लिए 26 अप्रैल को मतदान करें। इसकी अपील को लेकर मंगलवार को गली गली वोट की थीम पर एसडीएम अजमेर शिवाक्षी खांडल के निर्देशानुसार स्वीप रथ को सजा धजाकर तहसीलदार विपुल सिंह एवं द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## बैंड-बाजों व डीजे के साथ निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**भरतपुर ( निस )।** मंगलवार को क़स्बे में श्री हनुमान जन्मोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कस्बे के विभिन्न हनुमान मंदिरों में रामायण पाठ व हवन-पूजन के साथ विशेष साज-सज्जा की गई साथ ही कस्बे के मुख्य बाजारों को भगवा झंडों से सजाया गया। श्री हनुमान जन्मोत्सव के तहत मंगलवार को कस्बे के प्राचीन चमत्कारी श्री इंद्रकुटी हनुमान मंदिर पर सुबह रामायण पाठ के समापन, रामायण जी की आरती के बाद श्री हनुमान जी की विशेष आरती की गई और मंदिर परिसर में भंडारा-प्रसादी का वितरण किया गया। शोभायात्रा श्री इंद्रकुटी हनुमान मंदिर से आरंभ होकर कस्बे के बस स्टैंड, मैंन बाजार, कलाकार मौहल्ला, चौपड़ा बाजार व अन्य गली-मोहल्लों से होते हुए निकाली गई।

## प्रधानमंत्री मोदी सपने नही, हकीकत बुनते है

**किशनगढ़ ।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मदनगंज किशनगढ़ द्वारा अजमेर लोकसभा क्षेत्र प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के समर्थन में महेश्वरी पंचायत भवन तेली मोहल्ला में देवरानी जेठानी महिला सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जिसमें 51 देवरानी जेठानी भारतीय जनता पार्टी में नई जुड़ी व संकल्प लिया। भारतीय जनता पार्टी, राजस्थान प्रदेश प्रवक्ता अपूर्वा सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप मे अपना उदबोधन देते हुये कहा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री ने प्रत्येक नागरिक को अपना परिवार माना है महिलाओं की समस्याओं के निवारण के लिये हमेशा आगे रहते है।

उन्होंने महिलाओं के जीवन में आने वाली समस्याओं के लिये हमेशा नवीन योजानाये लाकर धरातल पर उतारने का कार्य सांसदो के माध्यम से किया है । प्रधानमंत्री मोदी सपने नही बुनते हकीकत बुनते है इसलिये सभी मोदी को चुनते है। पिछले 70-75 सालों से महिलाओं के शौचालयों की समस्या को निदान करते हुये उन्हे छत उपलब्ध कराई है जो महिलाये गांव के दूर-दराज में रहने वाली महिलाओ जो चुल्हे के धुये से अपना जीवन समाप्त कर लेती थी उनके लिये उज्वला योजना के तहत गैस उपलब्ध कराकर उसके स्वास्थ्य के साथ उसके समय की बचत की है जिससे वह अपने परिवार को समय दे सकती है। महिलायें कुओं से पानी लेने जाती थी अब ऐसे कार्य हो रहे है जिससें हर घर में नल लगे इन पर कार्य जारी है जो आने वाले समय में पुरा धरातल पर उतर जायेगा।


## आम, मौसंबी नींबू की उपज के बारे में दी जानकारी

**भुसावर ( निस )।** गर्मी के दिनों में आम, नींबू, मौसम्बी आदि में फल गिरना आम समस्या है जिससे इन फलों का उत्पादन 15 से 20 प्रतिशत तक गिर जाता है।

कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि 37 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापक्रम व आंधी या तेज हवा चलने से आम व नींबू में फल गिर जाते हैं।

इसकी रोकथाम के लिए किसान नियमित सिंचाई करके खेत में नमी बनाये रखे तथा प्लानोफिक्स आधा मिली. प्रति लीटर पानी के घोल का छिड़काव करें।

आंधी से बगीचे को बचाने के लिए खेत के उत्तर पश्चिम दिशा में वायु रोधक पौधे जैसे नीम, जामुन, अड़ूसा, सहजन आदि लगाने चाहिए। पौधों में गोबर की खाद व संतुलित मात्रा में खाद व उर्वरक देने से फल कम गिरते हैं। कीट एवं बीमारियों का नियंत्रण भी करते रहे।



## मतदान जागरूकता के लिए आयुक्त ने ली स्वास्थ्य निरीक्षकों की बैठक

**गंगापुर सिटी ।** मंगलवार को आयुक्त रिंकल गुप्ता द्वारा मतदाताओं को अधिक से अधिक अपने मतदान का प्रयोग कराने एवं मतदाताओं को जागरूक करने हेतु आयुक्त कक्ष में स्वास्थ्य निरीक्षक एवं जमादारों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आयुक्त द्वारा बताया गया कि लोकसभा क्षेत्र टोंक-सवाई माधोपुर के विधानसभा क्षेत्र गंगापुर सिटी के शहरी क्षेत्र में 26 अप्रेल 2०24 (शुक्रवार) को नियत है।

लोकतंत्र के इस पावन पर्व पर अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने-अपने मतदान केन्द्र पर वोट डालने हेतु जागरूक/प्रेरित करने व अधिक से अधिक अपने मत का प्रयोग करने हेतु निकाय में कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारी (सरकारी/गैर-सरकारी) को अपने-अपने आवंटित क्षेत्र/जोन/वार्ड/ ड्यूटी कार्यस्थल के आसपास निवासरत लोगो को घर-घर जाकर मतदाताओं से मतदान कराने की अपील कराते हुये अधिक से अधिक मतदान कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कराते हुये लोकतंत्र के इस पावन पर्व को सफल बनावे हेतु निर्देषित किया गया।

बैठक के दौरान आयुक्त रिंकल गुप्ता, पिन्टूराम मीना स्वास्थ्य निरीक्षक, मुकेश सैनी स्वास्थ्य निरीक्षक सहित जमादार उपस्थित रहे।




**गंगापुर सिटी मतदान दिवस की तेयारियों को लेकर चर्चा करती आयुक्त।**

## श्री हनुमान का जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर ( निस )।** मंगलवार को भगवान श्री हनुमान का जन्मोत्सव धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर चिंताहरण हनुमान मंदिर, पंचमुखी हनुमान मंदिर, विजय हनुमान मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हनुमान जी के मंदिरों पर भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर की सजावट एवं भगवान हनुमान के दर्शन के लिए मंदिरों में उमड पडा। लोगों ने भगवान हनुमान के दर्शन कर मंगल कामना कर अपने परिवार की सुख शांति की प्रार्थना की। इस मौके पर हनुमान मंदिरों पर प्रसादी का भी वितरण किया गया। चिंताहरण हनुमान मंदिर समिति के द्वारा तीन

- **हनुमान मंदिरों पर भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई।**

दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव मनाया गयां जिसमें सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। वहीं सोमवार को भगवान हनुमान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं आज मंदिर पर भव्य फुल बंगला झांकी सजाई गई। इसी प्रकार विजय हनुमान मंदिर पर भव्य फूल बंगला झांकी सजाई गई। मंदिर पर सैंकडों की संख्या में भक्तों ने भगवान हनुमान के दर्शन का लाभ लिया। इस मौके पर महाआरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर भक्तों को प्रसादी का भी वितरण किया गया।

## जेएलएन हॉस्पिटल का क्विज में रहा द्वितीय स्थान

**अजमेर ( कासं )।** श्वसन रोग विभाग जेएलएन चिकित्सालय की ओर से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की गई है। देशव्यापी स्तर पर नई दिल्ली में आयोजित दूसरे वार्षिक ब्रोन्कोपल्मोनरी विश्व कांग्रेस के दौरान क्विज में दूसरा स्थान प्राप्त किया गया। इसके आयोजक यूनाइटेड अकैडमी ऑफ पल्मोनरी मेडिसिन थे। प्रशस्ति पत्रा अमेरिका के विख्यात स्वैश रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल मेहता द्वारा दिया गया।

डॉ. नीरज गुप्ता ने बताया कि इस वार्षिक ब्रोन्कोपल्मोनरी विश्व कांग्रेस में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षकों के व्याख्यान भी शामिल थे। इसने इसे और भी महत्वपूर्ण बना दिया। डॉ. रमाकांत दीक्षित सम्मेलन के प्रमुख आयोजकों में से एक थे। क्विज को दो सत्रों में आयोजित किया गया था। इसमें भारत के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों की 12 टीमों ने भाग लिया। पहले दौर में से 4 टीमें अंतिम दौर के लिए चयनित की गईं। उन्होंने बताया कि अंत में एसजीपीजीआई लखनऊ पहले स्थान पर रही। जेएलएन अजमेर दूसरे स्थान पर और दिल्ली के सेना अस्पताल तीसरे स्थान पर आई। गौरतलब है की वीएमएमसी सफदरजंग दिल्ली, एसएमएस जयपुर, एम्स ऋषिकेश, एम्स भोपाल, गंगाराम अस्पताल जैसे अन्य प्रसिद्ध मेडिकल कॉलेज की टीमों ने भी प्रश्नोत्तरी में भाग लिया था। जेएलएन अजमेर की टीम में श्वसन रोग विभाग के रेसिडेंट चिकित्सक डॉ. प्रखर महेश्वरी और डॉ. पल्लवी पिल्लई शामिल थीं।

## गंगापुर सिटी में हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया

**गंगापुर सिटी।** जिला मुख्यालय सहित जिले के अन्य उपखंड क्षेत्र और आसपास के गांव में मंगलवार को हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर धार्मिक कार्यक्रमों की घूम रही। दिनभर मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुबह से ही

- **महिदास बालाजी को कराया पंचामृत स्नान व लगाए 11 सौ लड्डू का भोग**

मंदिर पहुंचे भक्तों ने अपने इष्ट हनुमान जी के दर्शन कर खुशहाली की कामना की। शहर के मदिरों में बालाजी महाराज का पंचामृत अभिषेक कर उन्हें चोला चढाया गया। नई पोशाक धारण करवा कर विशेष श्रृंगार किया गया। गंगापुर सिटी शहर के चौक बालाजी, पुराने अनाज मंडी के सीताराम जी मंदिर, उदेई मोड के मनोरथ सिद्ध हनुमान जी मंदिर, पंचायत समिति स्थित ममलेश्वर महादेव मंदिर, रोडवेज बस स्टेण्ड पास स्थित नर्वदेश्वर महादेव मंदिर, कर्मचारी कॉलोनी के चमत्कारी हनुमान जी मंदिर, उघाडमल बालाजी के अलावा आसपास के मंदिरों में सुबह विशेष साफ-सफाई कर बालाजी भगवान को पंचामृत से अभिषेक कराया गया। इसके बाद चोला चढाया एवं पोशाक पहनकर आकर्षक श्रृंगार किया गया।

दशहरा मैदान के महीदास बालाजी से पूजा अर्चना के बाद बैंड बाजे के साथ बालाजी भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में बालाजी महाराज की आकर्षक झांकिया ने लोगों का मन मोह लिया। शोभायात्रा दशहरा मैदान से शुरू होकर नहर रोड, फवारा चौक, कोतवाली थाना, देवी स्टोर चौराहा, चौपड, कैलाश टॉकीज होते हुए वापस दशहरा मैदान पहुंची। शोभा यात्रा में शामिल उत्साही महिला पुरुष युवक भजनों पर नाचते गाते हुए और बालाजी भगवान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर और जलपान आदि पिलाकर स्वागत किया गया।



**जिले के अन्य उपखंड क्षेत्र और आसपास के गांव में हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।**

## ब्यावर जिले में लघु उद्योग भारती की अनूठी मुहिम

**ब्यावर ( निसं )।** आगामी 26 अप्रैल को मनाए जाने वाले लोकतन्त्र के सबसे बड़े त्यौहार के निमित्त मतदान जागरूकता की दृष्टि से कलेक्टर कार्यालय की प्रेरणा से लघु उद्योग भारती, ब्यावर इकाई की ओर से एक अनूठी मुहिम की घोषणा की गयी है ।लघु उद्योग भारती मुख्य इकाई के अध्यक्ष सचिन नाहर ने बताया कि नगर के उद्योग संगठनो के साथ इकाई के प्रमुख पदाधिकारियों के संग कल सोमवार को जिला कलेक्टर के संग एक बहुउपयोगी बैठक सम्पन्न हुई । बैठक में ब्यावर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर गहन विचार-विमर्श हुआ । सभी ने अपने-अपने स्तर पर सहज रूप से कई उपयोगी सुझाव दिये ।इकाई के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजय खंडेलवाल ने बताया कि विचार विमर्श के बाद निर्णय रहा कि जिले के जिस भी बूथ पर गत बार से 5 प्रतिशत से अधिक वोटिंग होगी।

वहां 1100/- की नगद राशि व जिस बूथ पर 10 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग होगी, वहां 2100/- की नगद राशि ब्यावर इकाई द्वारा पारितोषिक के तौर पर उस बूथ के बीएलओ को दी जाएगी। और इस पारितोषिक का वितरण सार्वजनिक कार्यक्रम में सभी की उपस्थिति में किया जाएगा । लघु उद्योग भारती, ब्यावर मुख्य इकाई और महिला इकाई द्वारा मतदान जागरूकता को लेकर नगर में ओर क्या-क्या कार्यक्रम चलाएं जा रहें हैं।

## फ्लैग मार्च निकाल कर मतदान करने का दिया संदेश



**फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को भय मुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया।**

**गंगापुर सिटी।** पुलिस, सीएपीएफ और अर्द्ध सैनिक बलों ने थाना पीलोदा, गंगापुरसिटी, बामनवास, उदेईमोड, सदर और बाटोदा क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों को भय मुक्त होकर मतदान करने का संदेश दिया। वहीं मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एसपी सुजीत शंकर ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2०024 में शांतिपूर्ण और भयुक्त मतदान कराने के लिए सोमवार को बामनवास उपखंड क्षेत्र में ग्राम ककराला, लिवाली, नावड किशनपुरा, गुढला, गुर्जर कोलेता, मीना कोलेता, जगरामपुरा, राघोपुरा, नानेटा खेडा, भीटोली थाना बामनवास फ्लैग मार्च निकाला गया।

इसके साथ ही गंगापुर सिटी जिला मुख्यालय के थाना उदेई मोड में सपेरा बस्ती, काजी कॉलोनी, सैनिक नगर, आदर्श नगर, कर्मचारी कॉलोनी, उस्मान कॉलोनी, अबुबकर मस्जिद के आस पास, चांद कॉलोनी, दशहरा मैदान, नहर रोड, इस्लामपुरा, फव्वारा चौक, थाना सदर गंगापुर सिटी के ग्राम बूचौलाई, बाढकला, विदरख्या, महानन्दपुर, कुनकटा कलां, कुनकटा खुर्द, तलावडा और थाना बाटोदा में कस्बा बाटोदा, बरनाला, बेरखण्डी, काजी कोण्डली, मोरपा, गोठ, रामसिंहपुरा, आरामपुरा, फुलवाडा, नवाडया ढाणी जीवद, जाखोलास कलां व खुर्द में फलैग मार्च निकाला गया।

